'समानो मन्त्रः समितिः समानी'

UNIVERSITY OF NORTH BENGAL

B.A. Programme 4th Semester Examination, 2023

DSC1/2-P4-HINDI

हिन्दी गद्य साहित्य

Time Allotted: 2 Hours　　　　Full Marks: 60

The figures in the margin indicate full marks.

1. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 3×4 = 12

(क) ललित निबन्ध को परिभाषित कीजिए।

(ख) 'आहुति' कहानी के किन्हीं तीन पात्रों के नाम लिखिए।

(ग) 'लोभ और प्रीति' में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(घ) गजाधर बाबू की तीन चारित्रिक विशेषताएं लिखिए।

(ङ) 'बकरी' किस विधा की रचना है एवं इसके रचनाकार कौन हैं ?

(च) जैनेन्द्र के किन्हीं तीन उपन्यासों के नाम लिखिए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं चार की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – 6×4 = 24

(क) "मैं नहीं कहता ब्याह करना स्वर्ग पाना है, लेकिन मैं कहता हूँ कि जिसने विवाह जाना ही नहीं और स्त्री को झेला ही नहीं, वह साधु नहीं बन सकता।"

(ख) "अगर शिक्षा का उद्देश्य चरित्रबल मानो, तो राष्ट्र संग्राम में मनोबल के जितने साधन हैं, पेट के संग्राम में कभी हो ही नहीं सकते।"

(ग) "आजकल तो बहुत-सी बातें धातु के ठीकरों पर ठहरा दी गई हैं। पैसे से राज-सम्मान की प्राप्ति,विद्या की प्राप्ति और न्याय की प्राप्ति होती है।"

(घ) "और अचानक ही उन्होंने निश्चय कर लिया कि अब घर की किसी बात में दखल न देंगे। यदि गृहस्वामी के लिए पूरे घर में एक चारपाई की जगह नहीं है, तो यहीं पड़े रहेंगे।"

(ङ) "मैं सोचता हूँ कि पुराने की यह अधिकार लिप्सा क्यों नहीं समय रहते सावधान हो जाती ? जरा और मृत्यु ये दोनों ही जगत् के अति परिचित और अति प्रामाणिक सत्य हैं।"

(च) "यहाँ से दफा हो, वरना इस बकरी को बिना खाना-पीना दिए कमजोर कर मार डालने की साजिश पर भारत सुरक्षा कानून के अन्दर तू हवालत की हवा खाएगी।"

3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 12×2 = 24

(क) 'सुनीता' उपन्यास की मूल समस्या पर विचार कीजिए।

(ख) राष्ट्रीय आंदोलन के परिप्रेक्ष्य में 'आहुति' कहानी की समीक्षा कीजिए।

(ग) 'बकरी' नाटक की रंगमंचीयता पर विचार कीजिए।

(घ) ललित निबन्ध के रूप में 'शिरीष के फूल' निबन्ध की विवेचना कीजिए।

——×——